# पी . चिंदबरम ने नरेन्द्र मोदी को कहा “मुठभेड़ मंत्री ”

Thursday, 17 April 2014 16:08



चेन्नई। केन्द्रीय वित्तमंत्री पी. चिदंबरम ने आज प्रधानमंत्री पद के भाजपा उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए उन्हें “मुठभेड़ मंत्री” बताया।

पत्रकारों ने जब मोदी की तरफ से चिदंबरम को बार-बार “पुनर्मतगणना मंत्री” कहे जाने पर वित्तमंत्री की प्रतिक्रिया जाननी चाही तो चिदंबरम ने जवाब दिया कि ऐसा इसलिए क्योंकि वह “मुठभेड़ मंत्री” है। उन्होंने वस्तुत: यह बात मोदी के शासनकाल में गुजरात में होने वाली कथित फर्जी मुठभेड़ों के संदर्भ में कही।

चिदंबरम ने तमिलनाडु के शिवगंगा चुनाव क्षेत्र से 2009 का लोकसभा चुनाव तकरीबन 3500 मतों से जीता था और मतगणना पर विवाद हुआ था।

मोदी अपनी चुनावी रैलियों में चिदंबरम को “पुनर्मतगणना मंत्री” कहते रहे हैं।

(भाषा)

1 / 1